# दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए उठाये जायें ठोस कदमः कमिश्नर

मुरादाबाद।

आयुक्त आन्जनेय कुमार सिंह एवं मुनिराज डीआईजी की गरिमामयी उपस्थिति में चतुर्थ मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में अध्यक्ष मण्डलायुक्त द्वारा मण्डल के समस्त जनपदों में मानक के अनुसार निर्धारित जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा की बैठकें कराने हेतु निर्देशित किया गया। संभाग के समस्त सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) को दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही बिना हेलमेट लगाये दो पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ब्लैक स्पॉट के संबंध में

## चतुर्थ मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी ब्लैक स्पॉट्स पर अल्पकालिक सुधारात्मक कार्यवाही के साथ-साथ दीर्घकालिक सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये गये, जिसमें मार्किंग, रोड साइनेज, स्पीड टेबल पर मार्किंग आदि हेतु निर्देशित किया गया। सोलेशियम स्कीम के अन्तर्गत मिलने वाली सहायता के संबंध में अवशेप प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि मानक के अनुसार निर्धारित जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठकें करायी जायें। मण्डलायुक्त द्वारा दुर्घटनाओं पर



अंकुश लगाने के दृष्टिगत एनएचएआई एवं पीडब्लूडी को मण्डल के समस्त मुख्य मार्गों पर केन व एम्बुलेंस की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। सभी ब्लैक स्पॉट्स पर साईनेज, रिफ्लेक्टर, रम्बल स्ट्रिप, ब्लिंकर लगाने हेतु लगाने हेतु निर्देशित किया गया। दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के दृष्टिगत सभी ब्लैक स्पॉट्स पर लाईटिंग की व्यवस्था अतिशीघ्र करने के निर्देश अध्यक्ष महोदय द्वारा दिये गये। मण्डलायुक्त द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की संख्या, मृतकों की संख्या एवं घायलों की संख्या में कमी लाने हेतु मण्डल के सभी जिलों में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जनपद मुरादाबाद में सोलेशियम स्कीम के अधिक प्रकरण लंबित होने के कारण सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मुरादाबाद को तत्काल प्रकरण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही मण्डल के अन्य समस्त जिलों को भी लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। प्रवर्तन एवं सड़क सुरक्षा के विभिन्न अभियोगों में पुलिस विभाग द्वारा सस्पेंड करने हेतु प्रेपित किये गये ड्राइविंग लाइसेंसों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही जिन जनपदों में पुलिस विभाग द्वारा प्रवर्तन / सड़क सुरक्षा के विभिन्न अभियोगों में ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड हेतु प्रेपित नहीं किये गये हैं, उनको तत्काल प्रेपित करने हेतु निर्देश किया गया एवं समुचित संख्या में ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने के निर्देश दिये गये। बैठक में अरूण कुमार सिंह, अपर आयुक्त (प्रथम), पंकज वर्मा, सचिव एमडीए, आशुतोष कुमार एएमसी नगर निगम, सुभाष गंगवार पुलिस अधीक्षक (यातायात), राजेश सिंह संभागीय परिवहन अधिकारी, संदीप कुमार पंकज संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), अनुराग यादव आरएम, राजेश सिंह, सीओ (ट्रैफिक) आदि मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये लोकबंधु राजनरायन जी




मुरादाबाद। समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर लोकबंधु राजनरायन जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर समाजवादी आंदोलन में उनके योगदान पर चर्चा की गई। महानगर अध्यक्ष इक़बाल हुसैन अंसारी ने कहा कि राजनरायन जी जहाँ अन्याय होता देखते थे विरोध में खड़े हो जाते थे। डाकटर राम मनोहर लोहिया के नेतृत्व में समाजवादी आंदोलन में बढ़ चढ़ कर भाग लिया और आज़ादी के आंदोलन में भी सक्रिय भागीदारी की। इस अवसर पर सभी को उनके विचारों से प्रेरित होकर कार्य करने के लिये कहा। इस अवसर पर मो शमशाद, अकरम अंसारी, लईक अहमद,मुशरफ खाँ,मुहम्मद आलम,नाजिर अंसारी,शुबहान अंसारी, राशिद भाई,मसरूर हसन, कमरूजमा सैफी, दाऊद अंसारी, मो. अजीम, अहमद मुरादाबादी,नोमान पाशा,नसीम पाशा,फ़हीम मंसूरी वसीम अकरम हाजी शाहिद गामा सलमान अंसारी फरमान अर्श अंसारी ,राशिद अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता इक़बाल हुसैन अंसारी (महानगर अध्यक्ष) और संचालन महानगर महासचिव गजेंद्र सिंह यादव ने किया।

# टीएमयू एरिदमिया के टैलेंट हंट में मेडिकल स्टुडेंट्स का जलवा ही जलवा

मुरादाबाद।

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के स्पोर्ट्स, कलचरल एंड टैलेंट इवेंट- एरिदमिया 2025 के फैशन शो की ब्वायज़ प्रतियोगिता में एमबीबीएस थर्ड ईयर 2023-24 के मानिक शहरावत- अश्वथामा, जबकि गर्ल्स में एमबीबीएस थर्ड ईयर की वंशिका शर्मा- एथेना विजेता रहीं। टैलेंट एंड हंट प्रतियोगिता में एमबीबीएस बैच 2025-26 के आर्यन लाखर विजेता रहे। ओजी फाइनल ईयर 2024-25 की खुशी जैन- क्वीन ऑफ हार्ट्स और ओजी फाइनल ईयर 2021-22 की कशिश जैन- हार्ले क्वीन ने शॉ टॉपर का खिताब अपने नाम किया।

बेस्ट वॉक का टाइटल ओजी फाइनल ईयर 2021-22 की तिथि- मां गंगा और नेपो फाइनल ईयर 2022-2× की कृष्णगी- राधा रानी को मिला। इससे पूर्व कुलाधिपति सुरेश जैन, मुरादाबाद की जिला



पंचायत अध्यक्षा डॉ. शेफाली सिंह चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि, फर्स्ट लेडी वीना जैन, निदेशक प्रशासन अभिषेक कपूर, मेडिकल साइंसेज के डीन प्रो. एसके जैन, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह, वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, फैकल्टी ऑफ पैथोलॉजी की एचओडी एवम् एरिदमिया- 2025 की कन्वीनर प्रो. सीमा अवस्थी आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्र'ज्वलित करके ऑडी में कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। इस मौके पर डायरेक्टर ऑफ फाइनेंसगौरव अग्रवाल, चीफ वॉर्डन विपिन जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। कुलाधिपति सुरेश जैन एवम् फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन ने पैथोलॉजी की एचओडी एवम् एरिदमिया- 2025 की कन्वीनर प्रो. सीमा अवस्थी को अविस्मरणीय प्रोग्राम के लिए दिल की गहराइयों से बधाई देते हुए कहा, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के भावी डॉक्टर्स के टैलेंट्स की कायल है। मुख्य अतिथि डॉ. शेफाली सिंह चौहान ने टीएमयू के मेडिकल स्टुडेंट्स को चिकित्सा जगत के प्रति उनके दायित्व, सेवा-भाव एवम् नैतिक जिम्मेदारियों का स्मरण कराया। उन्होंने स्टुडेंट्स को समाज के प्रति समर्पित एवम् संवेदनशील चिकित्सक बनने का संदेश दिया। ब्वायज़ के फैशन शो में थर्ड ईयर के 2023-24 चिराग सिकरी- अर्जुन द्वितीय, जबकि फर्स्ट ईयर 2025-26 के आर्यन कुमार मिश्रा- वैंपायर तृतीय स्थान पर रहे। गर्ल्स के फैशन शो में ओजी फाइनल ईयर 2021-22 की धान्या शुक्ला- मां दुर्गा ने दूसरा और नेपो फाइनल ईयर 2022-2× की यूविका सचान- देवी गैया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। टैलेंट एंड हंट प्रतियोगिता में बैच 2023-24 के आनन्द खेरा, सक्षम यादव और मनन सिंह दूसरे स्थान पर रहे। बैच 2024-25 की हिमानी गुप्ता और भूमिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## झांसी में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, सीजीएसटी के अफसर 70 लाख रुपए की घूस लेते गिरफ्तार

लखनऊ । सीबीआई ने झांसी में सेंट्रल गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (सीजीएसटी) की डिप्टी कमिश्नर समेत पांच लोगों को घूसखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई, लखनऊ की एंटी करप्शन ब्रांच की टीम ने मंगलवार को झांसी में डिप्टी कमिश्नर प्रभा भंडारी और दो टैक्स अधीक्षकों को हार्डवेयर की दुकान चलाने वाले कारोबारी से 70 लाख रुपये की घूस लेते हुए दबोचा था, जिसके बाद एक अधिवक्ता और कारोबारी को भी गिरफ्तार कर सभी के ठिकानों पर छापे मारे, जिसमें 90 लाख रुपये नकदी के साथ चांदी के बार और सोने के जेवरात बरामद किए हैं। सीबीआई की टीमों ने बुधवार को आरोपियों के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई के बाद उनका मेडिकल चेकअप कराया, जिसके बाद उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ लाया जा रहा है। सीबीआई के गोपनीय सूचना मिलने पर झांसी में यह ऑपरेशन अंजाम दिया।

# प्रखर वक्ता एवं दूरदर्शी नेता थे वे अटल जीः सुभाष यदुवंशी

मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय बुद्धि विहार पर भारत रत्न भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष को अटल स्मृति वर्ष पर अटल स्मृति सम्मेलन एवं साथ ही एसआईआर कार्यशाला का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सुभाष यदुवंश,विशिष्ट अतिथि हरीश ठाकुर,महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला,एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, महापौर विनोद अग्रवाल, एवं के के मिश्रा ने भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला एवं संचालन महानगर उपाध्यक्ष विशाल त्यागी ने किया। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश ने विस्तार से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा अटल जी एक भारतीय राजनेता थे। वे एक प्रखर वक्ता एवं दूरदर्शी नेता थे वे अ'छे कवि और पत्रकार भी थे उनका जन्म ग्वालियर में हुआ था वे 1951में भारतीय जनसंघ में शामिल हुए वे जनसंघ संस्थापक सदस्य में से एक थे अटल तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने, विपक्षी दल भी उनका सम्मान करते थे। प्रधानमंत्री रहते उनका सबसे उल्लेखनीय कार्यकाल 1999 से 2005 तक का पूरा कार्यकाल रहा जिसमें उन्होंने कारगिल युद्ध का प्रबंधन किया उन्हें भारत रत्न सहित कई सम्मान मिले। क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर ने कहा कि अटल जी एक राजनेता कवि होने के साथ साथ एक पत्रकार भी थे उन्होंने राष्ट्र धर्म पांचजन्य और वीर अर्जुन जैसी पत्रिकाओं का संपादन भी किया। एसआईआर पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि एसआईआर का एक तिहाई कार्य पूर्ण हो चुका है अब आगे आने वाली बूथ लिस्ट को चेक करना है। इस अवसर पर,महापौर विनोद अग्रवाल,एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी के के मिश्रा, प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जयसवाल,महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता,ब्लाक प्रमुख संतोष सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, एसआईआर महानगर संयोजक दिनेश सिसोदिया, देहात विधानसभा कार्यक्रम संयोजक विशाल त्यागी,शहर विधानसभा संयोजक शम्मी भटनागर, महानगर महामंत्री नत्थू राम कश्यप, सुमित अग्रवाल राजीव विश्नोई आदि महानगर, मंडल,मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी ,पार्षदगण, बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, बीएलए - 2 आदि सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारीगण शामिल रहें।

**योगी कैबिनेट में होगी 6 नए चेहरों की एंट्री!**

## भूपेंद्र चौधरी की वापसी तय! विस्तार की तैयारी तेज, दिल्ली रवाना हुए प्रदेश अध्यक्ष



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की नियुक्ति के बाद अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा हो रही है। सूत्रों के मुताबिक, अब मंत्रिमंडल विस्तार होगा और 6 नए चेहरे शामिल हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि इस पर मंगलवार को हुई कोर कमेटी की एक अहम बैठक में भी चर्चा की गई। यह बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी दिल्ली रवाना हो गए, जहां वे पार्टी हाईकमान को बैठक में हुई चर्चाओं की जानकारी देंगे। इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, आरएसएस के क्षेत्र प्रचारक अनिल कुमार समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। यह बैठक नए प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद संघ, संगठन और सरकार की पहली संयुक्त बैठक थी, जिसमें आपसी परिचय भी हुआ। सूत्रों के मुताबिक, पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी को फिर से मंत्री बनाए जाने पर गंभीरता से विचार किया गया है। उनके साथ करीब 6 विधायकों को मंत्री बनाने की योजना है। 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जातीय और क्षेत्रीय संतुलन पर खास जोर दिया जा रहा है। फिलहाल योगी सरकार में 54 मंत्री हैं, जबकि अधिकतम 60 मंत्री बनाए जा सकते हैं। यानी 6 नए मंत्रियों को शामिल करने की गुंजाइश है। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली से मंजूरी मिलने के बाद जनवरी या फरवरी 2026 में मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है।

